स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम

drishtiias.com/hindi/printpdf/school-health-programme

प्रीलिम्स के लिये:

स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम, किशोरावस्था शिक्षा कार्यक्रम, आयुष्मान भारत

मेन्स के लिये:

स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम से संबंधित मुद्दे

चर्चा में क्यों?

हाल ही में मानव संसाधन विकास मंत्रालय तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने संयुक्त रूप से आयुष्मान भारत के तहत 'स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम' (School Health Programme- SHP) की शुरुआत की है।

स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के बारे में

(School Health Programme-SHP):

- SHP स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के महत्त्वपूर्ण घटकों में से एक है, जो स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य पर कड़ी निगरानी रखने में मदद करता है।
- इसका उद्देश्य स्कूल के बच्चों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं से मुक्त रखना।
- SHP के तहत कुल ग्यारह विषयों की पहचान की गई है जिनमें प्रजनन स्वास्थ्य और एचआईवी की रोकथाम शामिल हैं।
- राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा, 2005 का अनुसरण करते हुए स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (Department of School Education & Literacy) किशोरावस्था शिक्षा कार्यक्रम (Adolescence Education Programme-AEP) को कार्यान्वित कर रहा है।
- गौरतलब है कि किशोरावस्था शिक्षा कार्यक्रम राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना (National Population Education Project-NPEP) का हिस्सा है।
- भारत सरकार ने प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाओं के स्कूली बच्चों की चिकित्सा जाँच के महत्त्व पर ज़ोर दिया है।

- स्कूल हेल्थ ग्रोथ गतिविधियों को देश के सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में लागू किया जाएगा।

उद्देश्य:

- स्कूलों में बच्चों को स्वास्थ्य और पोषण के बारे में उचित जानकारी प्रदान करना।
- बच्चों के बीच स्वास्थ्य व्यवहार को बढ़ावा देना।
- कुपोषित और एनीमिया से पीड़ित बच्चों की पहचान करना तथा बच्चों व किशोरों में रोगों का जल्द पता लगाना, उनका इलाज करना।
- स्कूलों में सुरक्षित पेयजल के उपयोग को बढ़ावा देना।
- स्वास्थ्य और कल्याण के माध्यम से योग तथा ध्यान को बढ़ावा देना।

स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सेवाएँ:



किशोरावस्था शिक्षा कार्यक्रम

(Adolescence Education Programme-AEP)

- **किशोरावस्था शिक्षा कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को जीवन की वास्तविक परिस्थितियों में सकारात्मक और उत्तरदायी ढंग से प्रतिक्रिया देने के लिये सटीक, आयु उपयुक्त तथा सांस्कृतिक दृष्टि से संबंधित सूचना, स्वस्थ्य मनोवृत्ति तथा कौशल विकसित करने में सक्षम बनाकर उन्हें सशक्त बनाना है।**
- राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (National Council of Educational Research and Training-NCERT) इस कार्यक्रम का समन्वय करती है और राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा, 2005 के अनुरूप युवाओं के समग्र विकास की दिशा में कार्य करती है।

आयुष्मान भारत:

- यह यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज (Universal Health Coverage-UHC) के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिये भारत सरकार की एक प्रमुख योजना है। इसकी शुरुआत राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 के सुझाव पर की गई थी।
- आयुष्मान भारत, स्वास्थ्य सेवा वितरण के 'क्षेत्रीय और विभाजित दृष्टिकोण' से व्यापक तथा ज़रूरत आधारित स्वास्थ्य देखभाल सेवा की ओर बढ़ने का एक प्रयास है।
- इस योजना का उद्देश्य प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक स्तर पर स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की समस्याओं (रोकथाम, प्रोत्साहन, एंबुलेटरी देखभाल) को समग्र रूप से संबोधित करना है।

स्रोत: पीआईबी